Title: Need to take steps to check pollution caused by an industrial unit at Brindavan in Kapadganj Parliamentary constituency, Gujarat -laid.

श्री जयसिंह एम. चौहान (कपाड़गंज): मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र कपाड़गंज के राष्ट्रीय राजपथ नं. ८ के वृन्दावन नामक स्थान में स्थित गुजरात अम्बुजा प्रोटीनस लिमिटेड उद्योग प्रतिष्ठान की ओर दिलाना चाहता हूं कि उक्त उद्योग प्रतिष्ठान द्वारा अत्यन्त ही हानिकारक और बदबूदार गैस निष्कासित होता है जिसके कारण उक्त क्षेत्र के लगभग २० कि.मी. वातावरण अत्यन्त प्रदूषित हो चुका है। ज्ञातव्य है कि इस क्षेत्र के काफी संख्या में लोग बीमार पड़ रहे हैं। फैक्ट्री द्वारा छोड़े गए विषाक्त बदबूदार गैस, एवं निष्कासित प्रदूषित पानी के कारण किसानों की फसल नष्ट हो जाती है और आए दिन बहुत संख्या में पशुओं के भी मरने के समाचार मिलते रहते हैं। फैक्ट्री के पास ही विद्यालय होने के कारण इस बदबूदार हानिकारक गैस का बुरा प्रभाव छात्रों एवं अध्यापकों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। उक्त प्रतिष्ठान को माननीय गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा बंद कर दिया गया था, परन्तु उक्त प्रतिष्ठान द्वारा कुछ अवैद्य रूप से कार्य करने के कारण उक्त फैक्ट्री पुनः खुल गयी है।

अतः सरकार से मेरा अनुरोध है कि इस संदर्भ में जांच करवा कर पर्यावरण एवं प्रदूषण कानून के तहत शीघ्र कार्यवाही करने की महती कृपा की जाए।